— प्रेस नोट —

जनपद मीरजापुर।

दिनांक- 12.07.2021

थाना को0कटरा व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा चोरी हुए 14 चक्का डम्फर ट्रक का खुलासा, 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से विभिन्न पार्ट सहित ₹ 3 लाख बरामद—

ज्ञातव्य हो कि दिनांक 25/26.06.2021 को बरौधा कचार के पास से चोरी गए 14 चक्का डम्फर ट्रक की बरामदगी हेतु गठित कोतवाली कटरा की टीम व स्वाट टीम द्वारा दिनांकः 12.07.2021 समय 08.30 बजे मुखबीरी सूचना पर बथुआ रावर्टसगंज जाने वाली रोड के किनारे से अभियुक्तगण 1. परमेन्द्र यादव पुत्र मुनिराज यादव निवासी करनपुर थाना दुर्गागंज जनपद भदोही उम्र करीब 28 वर्ष 2. आशुतोष शुक्ला पुत्र आकाश शुक्ला निवासी 117B/4 इन्दिरा नगर कालोनी दारागंज जनपद प्रयागराज हाल पता B/303 गंगोत्री इन्कलेव अवध विहार योजना लखनऊ 3. संजय उर्फ महमूद पुत्र बाबू खाँ निवासी पहरा रोड थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट 4. राजेश उर्फ राजू विश्वकर्मा पुत्र जुगुल प्रसाद निवासी गीडर पुरवा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को चोरी गए ट्रक के अवशेष इंजन, टायर, बैटरी, रीम, कमानी आदि के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये व्यक्तियों से गहनता से पूंछताछ किया गया तो अभियुक्त परमेन्द्र यादव ने बताया कि साहब अभिनित वंसल पुत्र स्व0 श्री राजकृष्ण अग्रवाल नि0 वाजीराव कटरा थाना कटरा कोतवाली मीरजापुर की 14 चक्का डम्फर ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 UP63AT2842 चलाता था। इस ट्रक में वायरिग का कार्य एवं टायर लगवाने के लिये बरौधा कचार पुलिस चौकी अन्तर्गत स्वदेश फीलिंग स्टेशन के सामने फिरोज खान टायर वाले की दुकान पर दिनांक 24.06.2021 को खड़ी किया था। दिनांक 25.06.2021 को अपनी तबियत खराब होने का बहाना बनाकर मैनेजर धरमेन्दर को बताकर गाड़ी के कागजात और चाभी को फिरोज खान टायर वाले को देकर वहाँ के कुछ समय के लिए हट गया। पर मैं वहीं आस पास रह रहा था तथा दिनांक 25/26.06.2021 की रात को 1.30 बजे ट्रक के पास गया तथा उस ट्रक को आशुतोष शुक्ला व गौरव मिश्रा उर्फ मोनू के माध्यम से कटवाने के लिए चुरा कर वहाँ से लेकर सुनसान जगह में चले गए। मोनू मिश्रा बेचने के लिए यह ट्रक के मालिक बन गए और बेचवा दिए इन्हीं ने ही अपने खाते से मेरे खाते में पैसा दिए थे। तो उस ट्रक को संजय और राजेश से बात करके कटवाने के लिए मैं उस डम्फर ट्रक को चोरी करके इनलोगों के माध्यम से ट्रक को कटवा दिये और कटे हुए पार्ट पूर्जों को विदित श्रीवास्तव निवासी भरतपुरी पुरानी बाजार जिला चित्रकूट को बेच दिया। लेकिन इंजन और कुछ सामान मीरजापुर रेलवे स्टेशन के पीछे सड़क किनारे हमलोगों ने ऐसे ही रखे थे और ग्राहक खोज रहे है थे कि आपलोग पकड़ लिए। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगणों की निशानदेही पर उक्त चोरी गए ट्रक के इंजन, रीम, टायर, कमानी, बैटरी आदि व अभियुक्तगों के पास से 3,00,000 रुपया बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई। उक्त चोरी के संबंध में पूर्व में थाना कोतवाली कटरा पर मु0अ0सं0-100/21 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली

कटरा मीरजापुर में पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर उक्त मुकदमें में धारा 120B, 411, 413, 414, 419, 420, 406 भादवि की बढ़ोतरी करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है। वाहन चोरी घटना के पर्दाफाश हेतु पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा संयुक्त टीम को 10000/- रुपया का ईनाम घोषित किया गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. परमेन्द्र यादव पुत्र मुनिराज यादव निवासी करनपुर थाना दुर्गागंज जनपद भदोही उम्र करीब 28 वर्ष
2. आशुतोष शुक्ला पुत्र आकाश शुक्ला निवासी 117B/4 इन्दिरा नगर कालोनी दारागंज जनपद प्रयागराज हाल पता B/303 गंगोत्री इन्कलेव अवध विहार योजना लखनऊ उम्र 28 वर्ष
3. संजय उर्फ महमूद पुत्र बाबू खाँ निवासी पहरा रोड थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट उम्र 32 वर्ष।
4. राजेश उर्फ राजू विश्वकर्मा पुत्र जुगुल प्रसाद निवासी गीडर पुरवा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट उम्र 30 वर्ष।

बरामदगी विवरण—

1. बैटरी EXIDE 2 अदद
2. विभिन्न कम्पनियों की 14 अदद टायर मय टायर ट्यूब विभिन्न नम्बरों के
3. विभिन्न कम्पनियों की 14 अदद रीम
4. कमानी छोटी बड़ी 34 अदद
5. इंजन न0 JGHZ404889
6. अभियुक्त परमेन्दर यादव के पास से बरामद जामा तलाशी के 2,12,000 रुपये
7. अभियुक्त आशुतोष के पास से बरामद जामा तलाशी के 7500 रुपये
8. अभियुक्त संजय के पास से बरामद जामा तलाशी के 52,260 रुपये
9. अभियुक्त राजू उर्फ राजेश के पास से बरामद जामा तलाशी के 28,240 रुपये

कुल 3,00,000

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम—

1. उ0नि0 शिव प्रकाश राय, चौकी प्रभारी बरौधा कचार, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर।
2. उ0नि0 रवि प्रकाश, चौकी प्रभारी शास्त्री ब्रिज, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर।
3. हे0का0 रवि प्रकाश, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर।
4. हे0का0 शंकर कुमार, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर।
5. कां0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर।
6. कां0 रमाशंकर निषाद, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर।

7. कां0 पंकज दूबे, थाना कोतवाली कटरा, मीरजापुर।
8. कां0 अजय यादव, स्वाट टीम, मीरजापुर।
9. कां0 रविसेन सिंह, स्वाट टीम, मीरजापुर।
10. कां0 नितिन सिंह, सर्विलांस सेल, मीरजापुर।